सीमा सुरक्षा बल

ब्लॉक नं.10, सी.जी.ओ.कॉम्प्लेक्स
लोधी रोड,
नई दिल्ली – 110003

संदर्भ संख्या : 23/2018

दिनांक 21 जून' 2018

# प्रेस विज्ञप्ति

## बी.एस.एफ. ने मनाया चौथा 'अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस'

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर सीमा सुरक्षा बल द्वारा आयोजित चौथे अंतर्राष्ट्रीय योग सत्र को बेहद गर्मजोशी और उत्साह के साथ मनाया गया। निजामुद्दीन अधिकारी मेस, दिल्ली के प्रांगण में हुए इस योग शिविर में कार्मिकों व उनके परिजनों सहित अधिकाधिक साधकों ने भाग लिया। इस दिन सुबह 0700 बजे से लेकर 0800 बजे तक दिल्ली सहित देश भर में स्थित बल के सभी मुख्यालयों में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

2. सीमा पर सजग निगाहें व बुलंद हौसला लिए खड़ा जवान निश्चित ही देश की मानसिक व शारीरिक स्वच्छता का प्रतिबिंब है। सीमावर्ती चुनौतियों का सामना करने की उसकी प्रतिभा व सार्मथ्य का आकलन भी तभी संभव है जब देश का जवान शारीरिक रूप से तंदुरुस्त व मानसिक रूप से सुदृढ़ हो।

3. इसी को ध्यान में रखते हुए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सीमा सुरक्षा बल ने अपने चौथे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया। कार्यक्रम, बल के निजामुद्दीन, दिल्ली स्थित अधिकारी मेस में किया गया। इस दिन देश की राजधानी दिल्ली में अन्य जगहों पर भी बल द्वारा योग सत्रों का आयोजन किया

गया जिसमें बल के कार्मिक व उनके परिजनों के अलावा नजदीक रहने वाले स्थानीय लोगों सहित लगभग 4000 साधकों ने भाग लिया। इस दिन बल मुख्यालय के साथ सभी सीमांत व सेक्टर मुख्यालयों के साथ सभी प्रशिक्षण संस्थाओं में भी योग सत्र का आयोजन हुआ।

4. आज के दिन देश के मुख्य शहरों – बेंगलुरु, कोलकाता, अगरतला और अहमदाबाद में बल द्वारा विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इन शिविरों में बल के कार्मिकों के अलावा अन्य केंद्रीय सशस्त्र बलों के जवानों व परिजनों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

5. योग सत्र में बल के सर्वोच्च नेतृत्व समेत सभी अधिकारियों, पदाधिकारियों व उनके परिजनों ने भी भाग लिया। शिविर में बल के दक्ष योग साधकों द्वारा विभिन्न योग साधनाओं की प्रस्तुति दी गई जिसका वहां मौजूद सभी लोगों ने बेहद उत्साह व तन्मयता के साथ अनुकरण किया।

6. आज योग बल के विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों का भी अभिन्न अंग बन चुका है। इसी का परिणाम है कि बल के पास मोरारजी देसाई राष्ट्रीय संस्थान, पतंजलि योगपीठ, ईशा फाउंडेशन, फाउंडेशन फॉर वैदिक साइंस एंड टेक्नोलॉजी व स्वामी विवेकानंद योग अनुसंधान संस्थान जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों से प्रशिक्षित, लगभग 9172 प्रशिक्षक मौजूद हैं जो बल की तैनाती वाली विभिन्न जगहों पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। ये सभी प्रशिक्षित कार्मिक अब बल के अन्य कार्मिकों को प्रशिक्षित कर, उन्हें दक्ष बनाने का कार्य भी कर रहे हैं ताकि योग की पहुंच को अधिकाधिक जगहों तक पहुंचाया जा सके।

**Follow us on**

| | |
|---|---|
| **Facebook** | **: @OfficialPageBSF** |
| **Twitter** | **: @BSF_India** |
| **Instagram** | **: @bsf_india** |
| **youtube** | **: @BSF India** |

जन संपर्क अधिकारी
सीमा सुरक्षा बल

**Also visit us in http://www.bsf.nic.in/**







